प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

11 फरवरी 2023

वित्त मंत्री ने भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक बोर्ड को संबोधित किया

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक बोर्ड की 600वीं बैठक आज नई दिल्ली में श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

श्रीमती निर्मला सीतारमण, वित्त और कॉर्पोरेट कार्य की माननीय केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों को संबोधित कर उनसे बातचीत की। माननीय वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में केंद्रीय बजट 2023-24 में उल्लिखित प्रमुख क्षेत्रों और वित्तीय क्षेत्र से अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। बजट पर वित्त मंत्री की सराहना करते हुए बोर्ड के सदस्यों ने सरकार के विचारार्थ कतिपय सुझाव प्रस्तुत किए।

केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ डॉ. भागवत किशनराव कराड, माननीय वित्त राज्य मंत्री; श्री पंकज चौधरी, माननीय वित्त राज्य मंत्री; डॉ. टी.वी. सोमनाथन, वित्त सचिव एवं सचिव, व्यय विभाग; श्री तुहिन कांत पाण्डेय, सचिव, निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग; श्री संजय मल्होत्रा, सचिव, राजस्व विभाग और डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, मुख्य आर्थिक सलाहकार उपस्थित थे।

बोर्ड ने वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और संबंधित चुनौतियों की भी समीक्षा की।

उप गवर्नर श्री महेश कुमार जैन, डॉ. माइकल देवब्रत पात्र, श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर और केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक- श्री सतीश के. मराठे, श्री एस. गुरुमूर्ति, सुश्री रेवती अय्यर, प्रो. सचिन चतुर्वेदी, श्री वेणु श्रीनिवासन, श्री पंकज रमणभाई पटेल और डॉ. रवींद्र एच. ढोलकिया ने बैठक में भाग लिया। श्री अजय सेठ, सचिव, आर्थिक कार्य विभाग और डॉ. विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग ने भी बैठक में भाग लिया।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1709